This question paper contains 8+4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक................

**2646**

**B.A. (Programme)/I** **D-II**

HINDI LANGUAGE (C)—Paper I

हिन्दी भाषा (ग)—प्रश्न-पत्र I

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10+10=20

(क) हमारे देश के गाँव बहुत दिनों से शोषित, दलित, पीड़ित और उपेक्षित हैं। इसलिए वे नाना प्रकार के अभावों के गढ़ बन गए हैं। यों तो पराधीनता के कारणस्वरूप कितने ही नगरों में भी बहुतेरे अभाव खटकते हैं, पर गाँवों के

अभाव-अभियोग बड़े विकट और अत्यंत उपेक्षित हैं—न अभी वे अच्छी तरह जाँचे-परखे गए हैं और न उन्हें दूर रहने के संगठित उद्योग ही हुए हैं। उनके दूर होने की कोई आशा अभी नहीं दीख पड़ती। गाँवों को लाभ पहुँचाने वाले कई विभाग सरकार के घर में भी चालू हैं, पर उनसे गाँवों को यथेष्ट लाभ नहीं हो पाता।

(*i*) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(*ii*) 'अभावों के गढ़' से क्या अभिप्राय है ?

(*iii*) "गाँवों को लाभ पहुँचाने वाले कई विभाग सरकार के घर में भी चालू हैं", पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) पराधीनता में 'ता' प्रत्यय का प्रयोग है, इसी प्रत्यय से **पाँच** अन्य शब्द बनाइए।

(ख) पोशाक मनुष्य को विभिन्न श्रेणियों में बाँटने वाली सीमा है। पोशाक ही समाज में मनुष्य का अधिकार और उसका दर्जा निश्चित करती है। वह हमारे लिए अनेक बंद दरवाज़े खोल देती है परंतु कभी ऐसी परिस्थिति आ जाती है जब हम नीचे झुककर समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूत को समझना चाहते हैं, उस समय वह पोशाक ही बंधन और पैर की बेड़ी बन जाती है। जैसे वायु की लहरें कटी हुई पतंग को सहसा भूमि पर नहीं गिर जाने देतीं, उसी तरह खास परिस्थितियों में हमारी पोशाक हमें झुकने से रोके रहती है।

(*i*) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(*ii*) पोशाक का मानव मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

(iii) 'पोशाक मनुष्य को विभिन्न श्रेणियों में बाँटने वाली सीमा है।'—पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iv) वाक्य बनाइए—अधिकार, दर्जा, परिस्थिति, अनुभूति, बंधन।

(ग) हम ऐसे युग में रह रहे हैं जब क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं, चारों ओर इसके स्पष्ट चिह्न दीख पड़ते हैं। समाज का पुराना सामंजस्य विनष्ट हो गया है, वह नए सामंजस्य, नए समन्वय की तलाश में है। ऐसे युग में हम केवल अतीत के सहारे कैसे चल सकते हैं ? इतिहास बताता है कि वही देश पतनोन्मुख हैं जो युग धर्म की उपेक्षा करते हैं और परिवर्तन के लिए तैयार नहीं हैं। इतने पर भी हम आँख नहीं खोलते। परिवर्तन का यह अर्थ कदापि

नहीं है कि अतीत की सर्वथा उपेक्षा की जाए, ऐसा हो भी नहीं सकता। अतीत के वे अंश जो उत्कृष्ट और जीवनप्रद हैं उनकी तो रक्षा करनी ही है, किन्तु नए मूल्यों का हमको स्वागत करना होगा तथा वह आचार-विचार जो युग के लिए अनुपयुक्त और हानिकारक है उसका परित्याग भी करना होगा।

(i) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ii) 'युग धर्म की उपेक्षा' से क्या अभिप्राय है ?

(iii) आज के युग में कौनसे क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं ?

(iv) विलोम बताइए :

अतीत, स्पष्ट, पुराना, पतन, उपेक्षा।

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) युगधर्म से क्या अभिप्राय है ? (संस्कृति)

(ii) दीपावली समाजिक मंगलेच्छा का पर्व क्यों है ?

(दीपावली सामाजिक मंगलेच्छा का प्रतिमा पर्व)

(iii) ईदगाह के मेले से हामिद नें क्या खरीदा और क्यों ?

(ईदगाह)

(iv) भाषा और बोली में क्या अंतर है ?

(भाषा, बोली और पर्यावरण)

(v) गाँवों की समस्याओं का हल केवल बुद्धि-बल से क्यों नहीं हो सकता ?

(गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(vi) विभिन्न शासकों के शासनकाल में दिल्ली किस-किस नाम से पुकारी गई ?

(दिल्ली की आप बीती)

(vii) धरती के अनवरत शोषण के लिए मुख्यतः दोषी कौन है ?

(थकी-हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

3. 'निर्मला' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) निर्मला उपन्यास की मुख्य समस्या क्या है ?

(ii) निर्मला के साथ किये गये अन्याय का प्रायश्चित डॉ. सिन्हा ने किस प्रकार किया ?

(iii) मंसाराम की पीड़ा का वर्णन कीजिए।

(iv) भुवनमोहन ने निर्मला के साथ विवाह से क्यों इनकार कर दिया ?

(v) रुक्मिणी निर्मला को पसंद क्यों नहीं करती थी ?

(vi) कल्याणी द्वारा खरी-खोटी सुनने के बाद उदयभानु की क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(vii) सुधा ने निर्मला की कहानी सुनकर अपने पति से क्या कहा ?

**अथवा**

आज भी खरे हैं तालाब' के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'गजधर' कौन थे तथा उनकी क्या विशेषता थी ?

(ii) बिंदु सागर की विशेषताएँ बताइए।

(iii) किस शाप के कारण 'सोनकर' तालाबों में मिट्टी खोदने का काम करते थे ?

(iv) गुणी कारीगरों के हाथ से पानी का प्रबंध किस प्रकार छीना गया ?

(v) हड़वाड़ा किसे कहते हैं ?

(vi) तालाबों की घटती संख्या के क्या कारण हैं ?

(vii) तालाबों की शुद्धता बनाए रखने के लिए कौन-कौनसे उपाय सुझाए गए हैं ?

4. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : 10

(*i*) मेट्रो रेल

(*ii*) सदाचार

(*iii*) समाचार-पत्रों का महत्व।

5. 'पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी' विषय पर समाचार तैयार कीजिए। 10

**अथवा**

'कॉलेज फेस्टीवल' के बारे में सूचना तैयार कीजिए।

6. (क) कोश किसे कहते हैं ? किन्हीं **दो** कोशों के नाम बताइए। 5

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्ण-क्रमानुसार लिखिए : 5

अमर, अंग, कमला, पार्वती, लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा, करुणा, आधार, चरित्र।

7. (क) निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 5

गंगोर्मि, परोपकार, यद्यपि, सारांश, रमेश।

(ख) निम्नलिखित शब्दों का कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार अंतरण कीजिए : 5

(*i*) इतिहास (विशेषण)

(*ii*) सुन्दर (संज्ञा)

(*iii*) लिखाई (क्रिया)

(*iv*) खटास (विशेषण)

(*v*) सर्व (संज्ञा)

(ग) 'इत' प्रत्यय लगाकर **पाँच** शब्द् लिखिए। 5

8. (क) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 5

युध, कवीता, जिग्यासु, शीक्षा, मूर्ती।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) मैंने अच्छे-अच्छे काम करे।

(ii) वहाँ अनेकों लोग आए हुए थे।

(iii) मेरा तो आँसू बहने लगा।

(iv) पुस्तकें मेज़ में रखी हैं।

(v) मुझे केवल यही पुस्तक चाहिए।